समस्त पत्र–व्यवहार "कुलसचिव" को ही संबोधित किया जाये किसी अधिकारी के व्यक्तिगत नाम से नहीं। पूर्व सन्दर्भ यदि हो तो, देना आवश्यक हैं अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी।

दूरभाष : 2529540-2527532
तार : यूनिव्हर्सिटी
फेक्स : 0731-2529540

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर–452001

क्रमांकः सं.वि.क./वाद–विवाद्र/पं.न./2022–23/246 दिनांक : 2 DEC 2022

1. विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी
समस्त अध्ययनशालाएं,
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,
इन्दौर।

2. प्राचार्य/संचालक,
वि.वि. से सम्बद्व समस्त महाविद्यालय
जिला–इन्दौर, खंडवा, खरगोन, धार,
झाबुआ, बड़वानी, बुराहनपुर, अलीराजपुर।

विषयः–पंतनगर में आयोजित अंतर विश्वविद्यालयीन राष्ट्रीय वाद–विवाद प्रतियोगिता (हिन्दी/अंग्रेजी) के प्रतिभागी/दल चयन हेतु आपके महाविद्यालय/अध्ययनशालाओं से छात्र/छात्राओं को भेजने बाबद्।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय में निवेदन है कि, पंतनगर में दिनांक 14–15 जनवरी 2023 को आयोजित होने वाली अंतर विश्वविद्यालयीन राष्ट्रीय "वाद–विवाद" प्रतियोगिता (हिन्दी/अंग्रेजी) के **चयन हेतु अंतर महाविद्यालयीन वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 08, दिसम्बर 2022 (गुरूवार) को विश्वविद्यालय सभागृह आर.एन.टी. मार्ग, नालन्दा परिसर, इन्दौर में दोप. 12.00 बजे रखा गया है। जिसका विषय निम्नांकित है:–**

"21 वीं सदी में भारत को विश्वगुरू बनने हेतु सशक्त करने में देश के युवा सक्षम है"

"The youth of the nation is capable to empower India to become the Vishvaguru in 21st century"

उपर्युक्त विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में चयनित छात्र/छात्राओं को पंतनगर में आयोजित राष्ट्रीय वाद–विवाद प्रतियोगिता में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

समस्त विभागाध्यक्षों/प्राचार्यो/निदेशको/संचालकों से निवेदन है कि उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु आपके महाविद्यालय/संस्था/अध्ययनशाला के इच्छुक छात्र/छात्राओं को उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर भेजने की कृपा करें। **प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक विद्यार्थी सहभागिता हेतु पात्र होगा।**

नोट–देवी अहिल्या वि.वि. द्वारा उक्त आयोजित चयन प्रतियोगिता में आने–जाने हेतु किसी भी प्रकार का टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा एवं समस्त छात्र/छात्रा कक्षा दसवी की अंकसूची व संबंधित महाविद्यालय/अध्ययनशाला/संस्था से प्रवेश/अग्रेषण पत्र साथ में लावें।

संलग्न : अंतर वि.वि. राष्ट्रीय वाद–विवाद प्रतियोगिता के नियम।

for कुलसचिव

पृ.क्रमांकः सं.वि.क./वाद–विवाद्र/पं.न./2022–23/246 दिनांक : 2 DEC 2022

प्रतिलिपिः–

1/ माननीय कुलपतिजी के सचिव/कुलसचिवजी के निज सहायक, देवी अहिल्या विवि, इन्दौर।
2/ वित अधिकारी, देवी अहिल्या वि.वि. इन्दौर
3/ उप कुलसचिव–प्रशासन/भंडार विभाग/यांत्रिक विभाग/ देवी अहिल्या वि.वि. इन्दौर की ओर आवश्यक व्यवस्थापन हेतु प्रस्तुत।
4/ आई.टी. सेटर की ओर वि.वि. की बेवसाइट पर अपलोड करने की कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5/ डॉ. एस. के. कश्यप, मुख्य समन्वयक, युवा–2023, पंतनगर, उत्तराखंड।

sd-
अधिष्ठाता,
छात्र कल्याण विभाग